an>

Title: Need to provide basic amenities in Dharapuri village in Maval Parliamentary Constituency.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में उरण में धारापुरी गांव है। छठवीं शताब्दी की एलाफेंटा गुफाएं हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में इसको टूरिस्ट प्लेस घोषित किया है। यह स्थल मुम्बई के गेटवे ऑफ इंडिया से 13 किलोमीटर दूर है। यह समुद्र के बीचों-बीच है। यहां 60 वर्षों से पानी और लाइट की कोई सुविधा नहीं है। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि धारापूरी जहां एलीफेंटा गुफाएं हैं, वहां सड़क, बिजली और पानी की सुविधा प्रदान की जाए।